https://universitynews.in/

# ED-103

M.Com. 1st Semester
Examination, March-April 2021

Paper - III

Income Tax Law and Accounts

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note** : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

https://universitynews.in

**इकाई / Unit-I**

**1.** ऐसी सोलह आय की मदों को समझाइए जो कुल आय में नहीं जोड़ी जाएगी।

Explain such sixteen items which are not included in total income.

***अथवा / OR***



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(*a*) $X$ एक विदेशी नागरिक है। वह 1998 से प्रतिवर्ष अप्रैल में 105 दिन के लिए भारत आता है। कर-निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए उसकी निवासीय स्थिति बताइए यदि

(*i*) $X$ भारतीय मूल का नहीं है, और

(*ii*) $X$ 1939 में पूना में पैदा हुआ था।

$X$ is a foreign citizen, since 1998, he comes to India every year in the month of April for 105 days. Find out the residential status of $X$ for the Assessment Year 2019-20, if

(*i*) $X$ is not a person of Indian origin, and

(*ii*) $X$ was born in Poona in 1939.

(*b*) मि० मइत्रा यू० के० का नागरिक सर्वप्रथम 1.5.2012 को भारत आया। वह लगातार तीन वर्ष यहाँ रहा और 1.5.2015 को बांग्लादेश चला गया। वह 1.4.2016 को भारत वापस आया और 1.12.2016 को यू० के० चला गया। 20.1.2019 को उसको वापस भारत भेज दिया गया।

कर-निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए उसकी निवासीय स्थिति बताइए।



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



Mr. Maitra a citizen of UK came to India for the first time on 1.5.2012. He stayed here without any break for three years and left for Bangladesh on 1.5.2015. He returned to India on 1.4.2016 and went back to the UK on 1.12.2016. He was posted back to India on 20.1.2019.

Determine his residential status for the Assessment Year 2019-20.

https://universitynews.in

**इकाई / Unit-II**

**2.** मि० अनिल 1 मार्च, 2011 से कोलकाता में एक जूट मिल कम्पनी में कार्यरत है। वह ₹ 8,000 – 400 – 16,000 – 700 – 23,000 के वेतनमान में है तथा उसे अपने मूल वेतन का 20% मंहगाई भत्ता मिलता है जिसमें से आधा उसके अवकाश सम्बन्धी लाभों के लिए जोड़ा जाता है। वह प्रमाणित प्रॉविडेण्ट फण्ड में अपने वेतन तथा आधे मंहगाई भत्ते का 12% अंशदान करता है जिसमें उसका नियोक्ता भी बराबर का अंशदान करता है। गतवर्ष में उसने अपनी पुत्री के विवाह के लिए अपने प्रॉविडेण्ट फण्ड से ₹ 40,000 का ऋण लिया जिसमें से उसने गतवर्ष में ₹ 4,000 का भुगतान अपनी वेतन में कटौती कराके किया। उसे मिल के स्वामित्व वाले एक



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



किराए से मुक्त मकान की सुविधा मिली हुई है जिसका उचित किराया ₹ 44,000 वार्षिक है। उसे ₹ 600 प्रतिमाह सवारी भत्ता निजी प्रयोग के लिए ₹ 400 प्रतिमाह चिकित्सा भत्ता तथा ₹ 400 प्रतिमाह नौकर भत्ता मिल रहा है।

उसे 1 सितम्बर, 2018 को अवकाश के नकदीकरण के रूप में ₹ 1,20,000 प्राप्त हुआ, जो 10 माह का अवकाश न प्रयोग करने का है। कम्पनी के नियमों के अनुसार मि० अनिल प्रत्येक वर्ष की सेवा के लिए 30 दिन के अवकाश का अधिकारी था।

उसे एक माली तथा एक रसोइए की सुविधा भी दी गई जिन्हें प्रत्येक को ₹ 150 प्रतिमाह नियोक्ता द्वारा भुगतान होता है। उसे एक छोटी कार की सुविधा भी नियोक्ता ने कार्यालय एवं निजी प्रयोग के लिए दे रखी है। मि० अनिल के दो बच्चे नियोक्ता द्वारा चलाए जाने वाले विद्यालय में शिक्षा पा रहे हैं जिनके लिए वह कोई फीस नहीं देता है। प्रति छात्र प्रति माह व्यय ₹ 600 होता है।

कर-निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए मि० अनिल की कर योग्य वेतन की गणना कीजिए तथा यह मान लीजिए कि वेतन सम्बन्धित माह के अगले माह के पहले दिन देय होता है।



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



Mr. Anil is working in a Jute mill company in Kolkata since 1st March, 2011. He is in the grade pay of ₹ 8,000 – 400 – 16,000 – 700 – 23,000 plus a Dearness Allowance @ 20% of his basic pay, half of which enters into retirement benefits. He contributess 12% of his salary and one-half Dearness Allowance to recognised Provident Fund to which his employer contributes an equal amount. During the previous year, he took a loan of ₹ 40,000 from his Provident Fund for his daughter's marriage out of which he repaid ₹ 4,000 during the year has been of deduction from his salary.

He has been provided with rent free house owned by the Mill, the fair rent of which is ₹ 44,000 per annum. He is getting Conveyance Allowance of ₹ 600 per month for private purpose, Medical Allowance of ₹ 400 per month and Servant Allowance of ₹ 400 per month.

He received ₹ 1,20,000 for encashment of leave on 1st September, 2018 being 10 months leave not availed of. As per the rules of the Company Mr. Anil was entitled to 30 days leave for every year of service. He had been provided with the facility of a



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



Gardener and a Cook, who are each paid ₹ 150 per month by the employer. He is also provided with a small car by the employer for official and private use. Two children of Mr. Anil are studying in the institution run by the employer for which no fees are paid. Expenditure per student per month is ₹ 600.

Compute Mr. Anil's taxable salary for the Assessment Year 2019-20 assuming that salary is done on the first day of the next month.

***अथवा / OR***

'वार्षिक मूल्य' की परिभाषा दीजिए तथा मकान सम्पत्ति की आय निर्धारित करने के लिए वार्षिक मूल्य में से घटायी जाने वाली स्वीकृत कटौतियों का वर्णन कीजिए।

Define 'annual value' and state the deductions that are allowed from the annual value in computing the income from house property.

**इकाई / Unit-III**

**3.** व्यापार की आय की गणना करने में आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत स्पष्टतः स्वीकृत कटौतियों को समझाइए।



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



Explain clearly the deductions that are expressly allowed in computing the income from the business under the Income Tax Act, 1961.

***अथवा / OR***

(*a*) मि० हनुमान ने वर्ष 2018-19 में सम्पत्तियों की बिक्री का निम्न विवरण दिया :

| | ज्वेलरी | प्लॉट | गोल्ड |
|---|---|---|---|
| विक्रय मूल्य | ₹ 7,00,000 | ₹ 18,24,000 | ₹ 5,00,000 |
| विक्रय पर खर्चे | शून्य | ₹ 24,000 | शून्य |
| प्राप्ति की लागत | ₹ 1,29,000 | ₹ 2,26,000 | ₹ 1,48,000 |
| प्राप्ति का वर्ष | 2007-08 | 2004-05 | 2009-10 |

उसने 1.3.2009 को एक मकान ₹ 15,00,000 का खरीदा। कर योग्य पूँजी लाभ की गणना कीजिए यदि 2004-05, 2007-08, 2009-10 तथा 2018-19 का लागत स्फीति सूचकांक क्रमशः 113, 129, 148 तथा 280 है।

Mr. Hanuman Submits the following particulars about the sale of assets during the year 2018-19 :



https://universitynews.in/
https://universitynews.in

https://universitynews.in/



| Jewellery | Plot | Gold | |
|---|---|---|---|
| Sales price | ₹ 7,00,000 | ₹ 18,24,000 | ₹ 5,00,000 |
| Expenses on sale | Nil | ₹ 24,000 | Nil |
| Cost of acquisition | ₹ 1,29,000 | ₹ 2,26,000 | ₹ 1,48,000 |
| Year of acquisition | 2007-08 | 2004-05 | 2009-10 |

He has purchased a house for ₹ 15,00,000 on 1.3.2019. Calculate the amount of taxable capital gain if Cost Inflation Index (CII) for 2004-05, 2007-08, 2009-10 and 2018-19 are 113, 129, 148 and 280 respectively.

(*b*) निम्न सूचनाओं से 'अन्य साधनों से आय' की गणना कीजिए :

(*i*) दोस्तों से ₹ 30,000 उपहार में मिले।

(*ii*) बड़े भाई से ₹ 1,00,000 उपहार में मिले।

(*iii*) अपने विवाह पर ₹ 2,40,000 उपहार में मिले।

(*iv*) भारत में अनिवासी भारतीय से ₹ 80,000 उपहार में मिले।

(*v*) अन्य दोस्त से ₹ 28,000 उपहार में मिले।

(*vi*) मां से ₹ 1,00,000 का हार उपहार में मिला।

https://universitynews.in



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



Calculate 'income from other sources' from the information given below :

(*i*) Received ₹ 30,000 as a gift from his friends.

(*ii*) Received ₹ 1,00,000 as a gift from his elder brother.

(*iii*) Received ₹ 2,40,000 as a gift on his marriage.

(*iv*) Received ₹ 80,000 as a gift from his NRI friend.

(*v*) Gift of ₹ 28,000 received from his another friend.

(*vi*) Gift of a necklace worth ₹ 1,00,000 from his mother.

**इकाई / Unit-IV**

**4.** (*a*) हानियों को आगे ले जाने तथा उनकी पूर्ति के प्रावधानों को समझाइए।

Explain the provisions regarding carry-forward and set-off of losses.

(*b*) ऐसे चार दिए गए दानों के नाम लिखिए जिन पर 50% कटौती स्वीकृत है।



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



Write four such donations for which 50% deduction are allowed.

***अथवा / OR***

वित्तीय वर्ष 2018-19 का श्री श्यामलाल की आय तथा अन्य विवरण निम्न है :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*i*) | वेतन से कर-योग्य आय | 3,50,000 |
| (*ii*) | अल्पकालीन पूँजी लाभ | 12,000 |
| (*iii*) | दीर्घकालीन पूँजी लाभ | 40,000 |
| (*iv*) | सावधि जमा पर बैंक से ब्याज | 10,000 |
| (*v*) | लॉटरी से आय (सकल) | 25,000 |
| (*vi*) | नि:शक्त आश्रित की चिकित्सा पर व्यय | 15,000 |
| (*vii*) | राष्ट्रीय बचत पत्र VIII निर्गम में विनियोग | 10,000 |
| (*viii*) | इन्दिरा गांधी स्मृति ट्रस्ट को चेक द्वारा दान | 25,000 |
| (*ix*) | सार्वजनिक प्रॉविडेण्ट फण्ड में अंशदान | 15,000 |

कर-निर्धारण वर्ष 2019-20 के लिए कुल आय तथा आयकर की गणना कीजिए।



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



Following are the income and other particulars of Shri Shyamlal for the Financial Year 2018-19 :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*i*) | Taxable income from Salary | 3,50,000 |
| (*ii*) | Short-term Capital Gains | 12,000 |
| (*iii*) | Long-term Capital Gains | 40,000 |
| (*iv*) | Bank interest on time deposits | 10,000 |
| (*v*) | Lottery income (Gross) | 25,000 |
| (*vi*) | Expenditure on medical treatment of a disabled dependent | 15,000 |
| (*vii*) | Investment in National Savings Certificate (VIII issue) | 10,000 |
| (*viii*) | Donation to Indira Gandhi Memorial Trust by Cheque | 25,000 |
| (*ix*) | Contribution to Public Provident Fund | 15,000 |

Compute the total income and income-tax for the Assessment Year 2019-20

**इकाई / Unit-V**

**5.** इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के संगठन तथा कार्यों का वर्णन कीजिए।



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



Describe how the Income Tax Appellate Tribunal is constituted and discuss its functions.

***अथवा / OR***

भारतीय आयकर विधान में किन-किन प्राधिकारियों का वर्णन किया गया है तथा उनके क्या कार्य हैं ?

What are the various authorities envisaged in the Indian Income Tax law and what are their functions ?

———

https://universitynews.in



https://universitynews.in/